# आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोटिव कंपनियों ने दीं रिकॉर्ड 6347 नौकरियां

## रोजगार महाकुंभ में यूपी के युवाओं ने मनवाया तकनीक का लोहा

**लखनऊ।** तीन दिन के रोजगार महाकुंभ में ऐसा पहली बार हुआ जब सेल्स और मार्केटिंग नौकरी की तुलना में तकनीकी रूप से दक्ष युवकों को ज्यादा अवसर मिले। देश- विदेश में 14 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने वाली 100 कंपनियों ने करीब 6347 युवा तकनीकी सेवाओं के लिए चुने। इससे ये पता चला कि यूपी के युवा तकनीकी रूप से दक्ष हैं। इसे देखते हुए मार्च से पहले तीन रोजगार महाकुंभ कराए जाएंगे जिसमें नई तकनीकी कंपनियां भी हिस्सा लेंगी।

तीन दिन के रोजगार महाकुंभ में 14600 युवाओं को देश और 1612 युवाओं को विदेश में नौकरी के ऑफर लेटर दिए गए। ये कंपनियां 21 सेक्टरों से जुड़ी थीं। इनमें से देश में सबसे ज्यादा नौकरियां ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रॉनिक्स, हेल्थकेयर और रिटेल सेक्टर की हैं। विदेश में सबसे ज्यादा ऑफर लेटर निर्माण क्षेत्र में 967 युवाओं को दिए गए। दूसरे नंबर पर आयल एवं गैस सेक्टर (326) और तीसरे पर सेवा क्षेत्र (261) रहे। पहली बार विदेश में सिक्योरिटी सर्विस में भी 58 युवाओं का चयन किया गया। ब्यूरो

### बड़ी कंपनियों के आने से खुले एकमुश्त नौकरी के दरवाजे

रोजगार महाकुंभ में पहली बार मल्टीनेशनल कंपनियों ने बड़ी संख्या शिरकत की। इनमें प्रमुख रूप से चंदन स्टील, पेटीएम, फ्लिपकार्ट, फोर्टिस, मैक्स हेल्थकेयर, डिक्सन टेक्नोलाजी, एसबीआई कार्ड, ब्लिंकिट, जुबलिएंट फूड्स, जेबीएम, महिन्द्रा, टाटा, बंसल वायर, हिताची और बीपीएल रहीं।



रोजगार महाकुंभ से यूपी के युवाओं की तकनीकी दक्षता को देश-विदेश की कंपनियों ने परखा और रोजगार दिए। ये युवा सामान्य स्नातक या डिप्लोमा धारी होने के बावजूद तकनीकी प्रतिभा के धनी हैं। उन्हें अधिक अवसर देने के लिए अगले छह महीने में तीन से चरण में रोजगार महाकुंभ का प्रस्ताव बन रहा है। लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। -डॉ. **एमकेएस सुंदरम, प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन**

### देश में इन सेक्टरों में मिलीं नौकरियां

| सेक्टर | घरेलू कंपनियों ने दीं नौकरियां |
|---|---|
| कृषि | 536 |
| वस्त्र | 368 |
| ऑटोमोटिव | 2376 |
| बैंकिंग | 102 |
| निर्माण | 254 |
| ई कॉमर्स | 867 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 3115 |
| फिन-टेक | 95 |
| एफएमसीजी | 486 |
| हेल्थकेयर | 1080 |
| सेवा | 934 |
| इंश्योरेंस | 144 |
| आईटी | 856 |
| लॉजिस्टिक्स | 906 |
| पॉवर | 426 |
| रिटेल | 1343 |
| रबर इंडस्ट्री | 262 |
| स्टील | 188 |
| टेलीकॉम | 263 |